# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-317 | सागवाड़ा, सोमवार, 8 अगस्त, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# प्राइवेट बस पलटने से 1 बच्ची समेत 3 की मौत

## हादसे में 10 से ज्यादा लोग हुए घायल, मौके पर मची चीख-पुकार

**डूंगरपुर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर से गुजरात जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस नेशनल हाईवे-48 पर लेहणा घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 1 बच्ची समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में बैठी 10 से ज्यादा पैसेंजर घायल हो गए। गनीमत रही कि बस खाई में गिरने से बच गई। वरना और भी बड़ा हादसा हो सकता था। बस के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दौरान वहां से गुजरने वाले लोग दौड़ आए और बस में फंसे लोगों को निकालने लगे। सूचना मिलने पर बिछीवाड़ा थाने और रतनपुर चौकी से पुलिस टीमें मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर बिछीवाड़ा और डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया। गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में भारी बारिश के बीच बस लेहणा घाटी में अनियंत्रित हो गई और हाईवे पर पलट गई। हादसे में पैसेंजर के हाथ, पैर, सिर और शरीर पर कई जगह पर चोटें आई है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर रतनपुर चौकी से हेड कॉन्स्टेबल सुशील कुमार और कुणाल पंड्या मौके पर पहुंचे, जबकि बिछीवाड़ा थाने से एएसआई प्रभुलाल, हेड कॉन्स्टेबल तुलसीराम मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर बिछीवाड़ा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।



हादसे में 1 बच्ची समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मरने वालों में एक व्यक्ति की पहचान कल्याण सिंह पुत्र जगराम निवासी इंदौरी जिला भिंड (एमपी) और एक बच्ची की निधि (10) पुत्री बहादुर जाटव निवासी धनोल जिला भिंड (एमपी) के रूप में हुई है। एक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस उसकी पहचान करने की कोशिश में जुटी है। पुलिस ने तीनों शवों को डूंगरपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है।




**दीवड़ा छोटा।** वागड में श्रावण माह के दूसरे सोमवार को दीवड़ा छोटा गाँव के विश्वेश्वर महादेव का किया गया श्रृंगार। **फ़ोटो - प्रमोद पाटीदार।**

## नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल की जेल, 2 लाख रुपए का जुर्माना

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण और रेप के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी को 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।स्पेशल पोक्सो कोर्ट के सरकारी वकील योगेश जोशी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग के पिता ने 7 जनवरी 2021 को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी थी। नाबालिग के पिता ने बताया कि डूंगरपुर शहर की पातेला हरिजन बस्ती निवासी मयूर पुत्र हरिलाल उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान एक जनवरी 2022 को दुधमुहे बच्चे के साथ नाबालिग को डिटेन किया। आरोपी मयूर एक साल तक नाबालिग को लेकर जगह बदल बदलकर रह रहा था। उसके साथ रेप करते हुए उसे गर्भवती कर दिया। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने जांच पूरी करते हुए डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया।

## PM नरेंद्र मोदी को बेणेश्वर धाम का निमंत्रण दिया

### पीठाधीश ने स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव में आने का दिया निमंत्रण, पगड़ी पहनाकर किया अभिनंदन

**डूंगरपुर।** बेणेश्वर धाम के पीठाधीश महंत अतच्युतानंद महाराज ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम के स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महोत्सव में शामिल होने के लिए आश्वस्त किया। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के 27 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच बेणेश्वर धाम आने की संभावना है।महंत अतच्युतानंद महाराज के साथ बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सांसद कनकमल कटारा, आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा ओर घाटोल विधायक हरेंद्र निनामा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। लकर नवंबर माह में में बेणेश्वर धाम पर 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाले स्वर्ण शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने महोत्सव में शामिल होने के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर महंत ने प्रधानमंत्री मोदी का पगड़ी पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन भी किया। सांसद कनकमल कटारा ने बताया कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने धाम के विकास और मास्टर प्लान पर भी चर्चा की और धाम के विकास के लिए साल 2016 में तैयार की गई 255 करोड़ की डीपीआर की कॉपी सौंपते हुए विशेष पैकेज की मांग भी रखी।



# प्यार में धोखा, फंदे से झूला युवक

## प्रेमिका और माता-पिता के नाम लिखा सुसाइड नोट, खेतों में लटका मिला

**डूंगरपुर।** रामसागड़ा थाना क्षेत्र के माडा गांव का युवक ने प्यार में धोखा मिलने पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक ने सुसाइड करने से पहले अपनी प्रेमिका और माता-पिता के नाम 4 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है। युवक ने सुसाइड नोट में अपनी प्रेमिका द्वारा धोखा देने और माता-पिता और फैमिली को छोड़कर जाने का जिक्र किया है। थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया कि मृतक युवक रणवीर (21) पुत्र गटू रोत निवासी पोहरी खातूरात गांव का रहने वाला है। युवक 5 अगस्त को अपनी चचेरी भतीजी सूर्या पत्नी गौरव निवासी माडा घोड़ाघाट के घर आया था। 2 दिन से वह लगातार किसी से फोन पर बात कर रहा था। रविवार को वह डूंगरपुर गया और दोपहर के समय वापस आया। खाना खाने के बाद करीब 3 बजे रणवीर घर जाने की बात कहकर निकल गया, लेकिन सोमवार को सुबह खेतों के बीच पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि युवक के सुसाइड करने की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ ही घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद मृतक रणवीर के परिजनों को भी मौके पर बुलाया। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास 4 पेज का सुसाइड नोट मिला। पुलिस ने जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

# क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति खडगदा की नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई



**सागवाडा।** श्री क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति खडगदा की नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निखिलेश मेहता की अध्यक्षता में हुई । नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक में मंदिर विकास को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष निखिलेश मेहता ने बताया कि आने वाले समय में मंदिर का चरणबद्ध तरीक़े से विकास किया जाएगा। विभिन्न समाजों से चुनकर आए कमिटी के सदस्यों को मंदिर विकास को लेकर विभिन्न दायित्व सौंपे गए। बैठक में उपाध्यक्ष नाथू खांट, मंत्री पीयूष पुरोहित व सह मंत्री प्रवीण चंद्र भट्ट, कोषाध्यक्ष करूणाशंकर पाटीदार और सह कोषाध्यक्ष रोहित जैन, संरक्षक आनंद सुथार, कुरिया यादव व रूपजी रोत, सदस्य जयेश दिक्षीत, विशाल मेहता, दामोदर व्यास, धर्मेंद्र डेंडोर, नटवरलाल ज्ञीमाली, अशोक डेंडोर, पवन पंचाल, रमेश ननोमा, जगदीश भाटिया मौजूद थे ।

## प्राचीन हनुमान मन्दिर में भी दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को अलवर जिले के तिजारा कस्बे में स्थित चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर में चन्द्रप्रभु भगवान की आरती में शामिल हुए। इसके उपरांत गहलोत ने कस्बे में स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर में दर्शन और पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने ईश्वर से प्रदेश की उन्नति और खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व हैलीपैड पर मुख्यमंत्री गहलोत ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं आमजन से मुलाकात कर उनसें बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं खासतौर पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, किसान मित्र ऊर्जा योजना सहित सभी फ्लैगशिप योजनाओं एवं पेंशन बहाली के कदम को ऐतिहासिक बताते हुए आभार जताया।

# औदीच्य ब्राह्मण समाज खडगदा की वार्षिक बैठक हुई, शिक्षा और विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**सागवाडा।** औदीच्य ब्राह्मण समाज खडगदा की वार्षिक बैठक समाज के नोहरे में हुई। बैठक में समाज के विकास, शिक्षा और समाज के नोहरे के विकास को लेकर चर्चा की गई । समाज के अध्यक्ष नीरज जोशी ने सभी का स्वागत करते हुए अब तक कमेटी की ओर से कराए गए कार्यों की जानकारी दी, साथ ही समाज के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों का भी आभार व्यक्त किया गया।



समाज के सचिव नवनीत भट्ट ने वार्षिक कार्य का अनुमोदन करते हुए आगामी साल में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। समाज के कोषाध्यक्ष चंद्रेश व्यास ने आय व्यय का ब्योरा रखा। डॉ. विजय जोशी ने सामूहिक गंगो उद्यापन और यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम के तहत बची राशि शिक्षा क्षेत्र में ख़र्च करने की बात रखी। ईश्वर भट्ट ने सामूहिक आयोजन पर हुए ख़र्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समाज के उपाध्यक्ष नटवरलाल पुरोहित ने समाज की ओर से महाशिवरात्रि पर होने वाले आयोजन को लेकर अपनी बात रखी। महेश जोशी ने जल्द ही समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित करने की बात कही। ईश्वर चंद्र भट्ट में समाज के नोहरे के रख रखाव और उसकी सफ़ाई की ओर ध्यान देने की बात कही। बैठक को रामचंद्र पुरोहित, प्रभाशंकर दवे, गौरीशंकर भट्ट, प्रभाशंकर भट्ट, गणेशलाल भट्ट, डॉ. रमेश चंद्र भट्ट ने संबोधित किया। आभार नरहरी भट्ट में माना।

बैठक में सतीश चंद्र पुरोहित, अनिल पुरोहित, रविशंकर भट्ट, ईश्वर पंड्या, मणिलाल जोशी, जगदीश भट्ट सहित समाजबंधु मौजूद थे ।

# राज्य सरकार का हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 तक

## सागवाडा नगर पालिका पार्षदों के माध्यम से 4700 राष्ट्रीय ध्वज वितरित करेगी

**सागवाडा।** राजस्थान सरकार राज्य के शहरी क्षेत्र के परिवारों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत 7 लाख से अधिक तिरंगा वितरित करेगी। राजस्थान सरकार की ओर से भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जाएगा। आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में हर घर तिरंगा अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं इसके तहत शहरी क्षेत्र में 7 लाख अधिक घरों तक राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी राजस्थान के हर घर तक तिरंगा पहुँचाने के निर्देश दिये हैं। नगर पालिका सागवाडा के अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्य सरकार की ओर से नगरपालिका को क़रीब 4700 राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त हुए हैं। इन राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण शहर के 41 पार्षदों की ओर से नि: शुल्क वितरण किया जाएगा।

पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि राज्य सरकार की ओर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत नगर पालिका सागवाडा ने भी कार्यक्रम तैयार कर लिया है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शहर के 41 पार्षदों को 50-50 ध्वज दिए गए हैं जो अपने अपने वार्डों में नि: शुल्क वितरित करेंगे। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने सभी शहरवासियों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा है कि प्रत्येक शहरवासी आज़ादी के अमृत महोत्सव के तरह अपने घर पर तिरंगा लगाए।

## डोली फलातेड स्कूल में चोरी के 2 आरोपी पकड़े, एक नाबालिग डिटेन

**सागवाडा।** सागवाड़ा के डोली फलातेड़ स्कूल में चोरी के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक नाबालिग को भी डिटेन किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिसमे और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है।सागवाड़ा थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अपर प्राइमरी स्कूल डोली फलातेड में चोरी की वारदात हुई थी। प्रिंसिपल आशा परमार ने केस दर्ज करवाया था। जिसमे स्कूल के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर मॉनिटर, सीपीयू, पॉवर सेवर, प्रिंटर चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की। जिस पर पुलिस को कुछ खास सुराग मिले। इस पर पुलिस संदिग्ध बदमाशों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने बताया ललित (24) पुत्र रूपलाल खांट निवासी राजपुर सेलोता, निलेश (20) पुत्र हरजी पारगी मीणा निवासी डोली को गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्यमंत्री गहलोत आज मानगढ़ धाम पर, जुटेगी भीड़, विश्व आदिवासी दिवस पर कर सकते हैं घोषणाएं

**बाँसवाड़ा ।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को बांसवाड़ा आएंगे। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर वे मानगढ़ में सभा को संबोधित करेंगे। खास मौके पर गहलोत के आगमन से बांसवाड़ा को कुछ खास तोहफा मिलने की उम्मीदें भी बन रही हैं। इस मौके पर उनकी ओर से कुछ सड़कों और निर्माण कार्य का शिलान्यास किए जाने की भी तैयारियां हो रही हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सोमवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी खास तैयारियों में व्यस्त रहे।

जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत सुबह 11 बजे हेलिकॉप्टर से तलवाड़ा हवाई पट्?टी पहुंचेंगे। करीब पौन बारह बजे वह सांगडूंगरी के लिए रवाना होंगे। करीब सवा 12 बजे सागडूंगरी से रवाना होंगे, 12.40 बजे आनंदपुरी के मानगढ़ धाम पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे मानगढ़धाम से रवाना होंगे। सीएम के आगमन को लेकर,ष्ठरूनरेश बुनकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को देखेंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें विभागवार जिम्मेदारी सौंपी।